केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितीय तल, बी विंग, अगस्त क्रांति भवन
भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066.

याचिका सं. CICOM/R/2017/01172 दिनांक 25.09.2017

सेवा में,

श्री सतानन्द, पुत्र – श्री मुन्नीलाल,

विषय- आयोग में प्राप्त आपके आर.टी.आई. आवेदन के संबंध में सूचना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपका दिनांक 14.09.2017 का आर.टी.आई. आवेदन जो कि उत्तर प्रदेश सूचना आयोग को संबोधित है तथा जिसकी प्रतिलिपि केन्द्रीय सूचना आयोग में दिनांक 20.09.2017 को डायराइज हुआ (डायरी सं. 166512) तथा दिनांक 21.09.2017 को आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में प्राप्त हुआ, के संदर्भ में वांछित सूचना निम्नानुसार है:-

आपने उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अधीन कार्यरत विभाग से संबंधित सूचना मांगी है । इस संदर्भ में अवगत करवाया जाता है कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत केन्द्रीय सूचना आयोग केवल केन्द्रीय सरकार के अधीन कार्यरत विभाग/कार्यालयों के विरुद्ध द्वितीय अपीलीय अधिकरण है । राज्य सूचना आयोग या राज्य सरकार के अधीन कार्यरत विभाग/कार्यालय/उपक्रम केन्द्रीय सूचना आयोग के न्यायायिक/प्रशासनिक क्षेत्राधिकार से बाहर हैं इसलिए राज्य सरकार के अधीन कार्यरत विभागों/कार्यालयों/उपक्रमों से संबंधित आर.टी.आई. आवेदनों पर केन्द्रीय सूचना आयोग द्वारा कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है ।

(ए. के. शर्मा)
केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी,
आर.टी.आई.सेल